98

संख्या–143/XXXV-4/16–16(सामान्य)/14

प्रेषक,

शैलेश बगौली,
प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
पिथौरागढ़।

मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–4

देहरादूनः दिनांकः 11, जुलाई, 2016

विषयः– **मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा शहरी विकास विभाग हेतु की गयी घोषणा सं0–630/2015 के क्रियान्वयन के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2016–17 में ₹50.00 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में वित्त अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 698/XXVII (1)/2016 दिनांक 09.06.2016 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा सं0 630/2015 (नगर पालिका परिषद, पिथौरागढ़ के जीर्ण–शीर्ण भवन के स्थान पर नये अत्याधुनिक कार्यालय भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा) के क्रियान्वयन हेतु गठित आगणन की टी0ए0सी0, वित्त द्वारा परीक्षणोपरान्त संस्तुत लागत ₹486.03 लाख पर वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए **₹50.00 लाख (रू0 पचास लाख मात्र)** की धनराशि को चालू वित्तीय वर्ष 2016–17 में निम्नलिखित प्रतिबन्धों/शर्तों के अधीन आपके (जिलाधिकारी–पिथौरागढ़–4183) निवर्तन पर रखते हुए व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

1 सर्वप्रथम सम्बन्धित प्र0वि0 द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था के साथ वित्त विभाग के शासनादेश सं0 475/XXVII (7)/2008 दिनांक 15.12.2008 के अनुसार निर्धारित प्रपत्र पर एम0ओ0यू0 अवश्य हस्ताक्षरित किया जायेगा तथा अपने स्तर पर कार्यो का अनुश्रवण सुनिश्चित किया जायेगा।
2 जिलाधिकारी योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि का वित्तीय नियमों के अधीन लेखांकन (cash booking आदि) अपने स्तर पर रखेंगे।
3 जिलाधिकारी योजनाओं की प्रत्येक तीन माह की प्रगति आख्या मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय घोषणा अनुभाग को उपलब्ध करायेंगे।
4 योजनान्तर्गत प्राप्त राशि के उपयोग का उपयोगिता प्रमाणपत्र जिलाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
5 उक्त धनराशि कुल **₹50.00 लाख (रू0 पचास लाख मात्र)** आपके द्वारा आहरित कर शासनादेश में उल्लिखित शर्तों के अधीन कार्यदायी संस्था को तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी।
6 कार्य की प्रगति की निरतंर एवं गहन समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समयबद्व रूप से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा तथा विलम्ब या अन्य किसी भी दशा में पुनरीक्षित आंगणन पर विचार नहीं किया जायेगा।
7 कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र पर सक्षम अधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त करनी आवश्यक होगी।
8 स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किश्तों में किया जायेगा।
9 स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्त विभाग के शासनादेश संख्याः–400/XXVII(1) /2015 दिनांकः 1अप्रैल, 2015 में इंगित शर्तों/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
10 व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों/अन्य आदशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
11 स्वीकृत विस्तृत आगणन के प्राविधानों एवं तकनीकी स्वीकृति के आगणन के प्राविधानों में परिवर्तन (केवल अपरिहार्य स्थिति की दशा में ही) करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की सहमति अनिवार्य रूप से प्राप्त कर ली जाय।
12 विस्तृत आगणन में प्राविधानित डिजायन एवं मात्राओं हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें।
13 उक्तानुसार आवंटित धनराशि को तत्काल कार्यदायी संस्था/आहरण वितरण अधिकारी को अवमुक्त कर दी जाय, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर बजट उपलब्ध न होने की स्थिति उत्पन्न न हों।

आज्ञा

H:\budjet\2016-17\G.O..doc

14 कार्य पर मदवार उतना ही व्यय किया जाये जितनी मदवार धनराशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाए।

15 कार्य करने से पूर्व समस्त औपचारिकतायें तकनीकी दृष्टि को मध्यनजर रखते हुए एवं विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

16 कार्य करने से पूर्व उच्चाधिकारियों एवं भूगर्भवेत्ता (कार्य की आवश्यकतानुसार) से कार्य स्थल का भली–भॉति निरीक्षण अवश्य करा लिया जाए तथा निरीक्षण के पश्चात दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्य कराया जाय।

17 मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 2047/XIV-219/2006 दिनांक 30 मई, 2006 के द्वारा निर्गत आदेशों का कड़ाई से पालन करने का कष्ट करें।

18 आगणन गठित करते समय तथा कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

19 सभी निर्माण कार्य समय–समय पर गुणवत्ता एवं मानको के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों के अनुरूप कराये जायेंगे।

20 कार्यों की समयबद्धता एवं गुणवत्ता हेतु सम्बन्धित तकनीकी अधिकारी/मुख्य नगर अधिकारी/अधिशासी अधिकारी पूर्णरूप से उत्तरदायी होंगे।

21 निर्माण सामग्री को उपयोग में लाने से पूर्व सामग्री का परीक्षण प्रयोगशाला से आवश्य करा लिया जाए तथा विशिष्टियों के अनुरूप ही प्रयोग किये जाने वाली सामग्री का नमूना परीक्षण अवश्य करा लिया जाये तथा उपयुक्त सामग्री का प्रयोग उपयोग में लायी जाए।

22 उपरोक्त स्वीकृत कार्यों में यदि कोई कार्य किसी अन्य मद/योजना से करा लिया गया है, तो उक्त स्वीकृत कार्य के सापेक्ष धनराशि राजकोष में जमा करा दी जाय।

23 नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में कार्यदायी संस्था द्वारा ठेकेदार के साथ किये जाने वाले Construction Agreement में एक वर्ष का Defect Liability Period तथा 3 वर्ष तक अनुरक्षण की शर्त भी रखी जायेगी।

24 उक्त कार्य के आंगणन पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने से पूर्व प्रशासकीय विभाग यह भी सुनिश्चित कर लें कि यदि शासनादेश संख्या–571/XXVII(1)/2010, दिनांक 19.10.2010 के दिशा–निर्देशों के क्रम में उक्त कार्य हेतु प्रथम चरण के कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है, तो प्रथम चरण के अन्तर्गत स्वीकृत समस्त कार्य पूर्ण हो चुके है तथा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त यदि प्रथम चरण के अन्तर्गत स्वीकृत राशि में बचत है तो उसे द्वितीय चरण के आंगणन में समायोजित कर लिया जाय।

25 स्वीकृत धनराशि का दिनांक 31–3–2017 तक पूर्ण उपयोग कर, कार्यों का कार्यवार वित्तीय/भौतिक प्रगति का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को प्रस्तुत कर दिया जायेगा। यदि स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कोई धनराशि अवशेष रहती है तो उस धनराशि को तत्काल शासन को समर्पित कर दिया जायेगा।

2. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016–17 का लेखानुदान में अनुदान संख्या–3 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, 60–अन्य भवन, 800–अन्य व्यय, 02–मा0 मुख्यमंत्री की घोषणाओं आदि हेतु एकमुश्त अनुदान, 24–वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के अशा0सं0:–247/XXVII(2)/2016 दिनांक: 30 जून, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शैलेश बगौली)
प्रभारी सचिव।

H:\budjet\2016-17\G.O..doc

9813

संख्या– 143/XXXV-4/16-16(सामन्य)/14 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, (लेखा एवं हकदारी) ओबराय बिल्डिंग माजरा, देहरादून।
2. महालेखाकार (ऑडिट) उत्तराखण्ड, वैभव पैलेस, इन्दिरा नगर, देहरादून।
3. सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5. अपर सचिव, मुख्यमंत्री (घोषणा अनुभाग), उत्तराखण्ड शासन।
6. आयुक्त, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल।
7. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
8. बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, सचिवालय परिसर, देहरादून।
9. अनु सचिव (लेखा) आहरण एवं वितरण अधिकारी, मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तराखण्ड शासन।
10. वित्त अधिकारी, साईबर ट्रेजरी, 23 लक्ष्मी रोड, देहरादून।
11. निदेशक, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, पिथौरागढ़।
13. वित्त अनुभाग–5, उत्तराखण्ड शासन।
14. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पिथौरागढ़।
15. गार्ड–फाईल।

आज्ञा से,

(अर्पण कुमार राजू)
अनु सचिव।

बजट आवंटन वित्तीय वर्ष - 20162017

Secretary, CM Ghoshna (Grants) (9007)

आवंटन पत्र संख्या - **143/XXXV-4/16**

अलोटमेंट आई डी - **H1607030389**

अनुदान संख्या - **003**

आवंटन पत्र दिनांक -11-Jul-2016

DDO Name - District Magistrate (For Grants)Pithoragarh (4183) , Treasury - Pithoragarh (3800)

1: लेखा शीर्षक 4059 - लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60 - अन्य भवन

800 - अन्य व्यय

00 - k 02 - मा0 मुख्यमंत्री की घोषणाओं आदि हेतु एकमुश्त अनुदा

Plan Voted

मानक मद का नाम	पूर्व में जारी	वर्तमान में जारी	योग
24 - बृहत निर्माण कार्य	0	5000000	5000000
	0	**5000000**	**5000000**

Total Current Allotment To DDO In Above Schemes - 5000000